Nai Dunia (Indore), 25th April 2013, Page- 02

# राष्ट्रपति का आना तय, दीक्षांत समारोह की जगह नहीं

**इंदौर।** आठ जून को होने वाले आईआईटी के पहले दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति का आना तो तय हो गया है, लेकिन आयोजन स्थल अब तक तय नहीं हो सका है। इसको लेकर आईआईटी संशय में है। आईआईटी इंदौर को सिमरोल में 500 एकड़ जमीन आवंटित की गई है, लेकिन वहां संस्थान अब तक कैंपस निर्माण नहीं हो सका है। फिलहाल आईआईटी की कक्षाएं खंडवा रोड स्थित विवि से किराए पर लिए कैंपस और पीथमपुर ऑटोक्लस्टर के महू स्थित भवन में चलाई जा रही हैं। आईआईटी संशय में हैं कि इन तीनों जगह में से दीक्षांत समारोह के लिए किसे चुना जाए। आईआईटी की इच्छा अपनी जमीन पर ही पहला दीक्षांत समारोह करने की है, लेकिन दूरी, संसाधन और व्यवस्थाओं के मद्देनजर इस पर सहमति नहीं बन सकी है। ऐसे में विवि के खंडवा रोड स्थित कैंपस या पीएसीएल कैंपस में भी समारोह आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल आईआईटी ने अपनी वेबसाइट पर दीक्षांत समारोह की औपचारिक घोषणा तो कर दी, लेकिन जगह की घोषणा नहीं की है। दीक्षांत समारोह के लिए तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं।